**विधान परिषद के द्वितीय सत्र -2022 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या- 09 का उत्तर।**

---------------------

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 9(क) | क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 में राज्य मार्ग जिला मार्ग व अन्य ऐसे मार्ग जो रेलवे क्रासिंग से जुड़े है और जहॉ टी0वी0यू0 एक लाख से अधिक है वहॉ ओवर ब्रिज या अंडर पास बनाने की योजना है ? | प्रदेश में एक लाख से अधिक टी0वी0यू0 वाले सम्पारों पर रेल उपरिगामी सेतुओं का निर्माण रेलवे से निर्माण लागत में सहभागिता के आधार पर प्रदेश के उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के अनुसार किया जाता है। |
| (ख) | यदि हॉ, तो जनपद-फर्रूखाबाद व कन्नौज में इस योजना से बनाये जाने वाले ओवर ब्रिज व अन्डर पास की सूची सदन की मेज पर रखेंगे ? | वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य योजनान्तर्गत रेल उपरिगामी सेतुओं के नये कार्यो की कार्ययोजना अभी अन्तिमीकृत नहीं हुई है। |
| (ग) | इस योजना से बनाये जाने वाले ओवर ब्रिज व अन्डर पास की कोई समय सीमा निर्धारित कर सदन को अवगत करायेंगे ? | प्रत्येक रेल उपरिगामी सेतु की लम्बाई, चौड़ाई व भूमि की उपलब्धता आदि के अनुसार पूर्णता अवधि पृथक-पृथक व सामान्यतया 24 से 30 माह होती है। |

**जितिन प्रसाद**
**मंत्री**
**लोक निर्माण विभाग।**